आ0सं0:–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–35 / 2022..........................दिनांक–

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

# सकारण आदेश

संवेदक, श्री रंधीर कुमार, पिता–श्री महेश पटेल, ग्राम+पो०–गुड़मिया, थाना–करताहन, जिला–वैशाली, पिन–844117 के द्वारा सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स फॉर फ्रुट देसरी, वैशाली के मिट्टी भराई, नाला एवं फायर फाइटिंग कार्य (पार्ट–बी०) का कार्य ससमय पूरा नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर द्वारा संवेदक को दोषी मानते हुए इनके विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी ।

तत्पश्चात् अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में कालीकरण / निलंबन संबंधी बैठक दिनांक–23.12.2022 को हुई जिसमें समिति द्वारा संवेदक के निबंधन को एक वर्ष के लिए निलंबित करने का निर्णय लिया गया है । विभागीय पत्रांक–541 दिनांक–23.01.2023 द्वारा संवेदक के निबंधन को एक वर्ष के लिए निलंबित किया गया ।

उक्त निर्णय / आदेश के खिलाफ संवेदक द्वारा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष एक अपील आवेदन समर्पित किया गया । उक्त अपील अभ्यावेदन के क्रम में दिनांक–31.03.2023 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) को सुनवाई हेतु तिथि निर्धारित की गई । सुनवाई में संवेदक उपस्थित हुए ।

संवेदक के द्वारा उक्त निविदा कार्य को ससमय पूर्ण नहीं करने की बात स्वीकार की गयी थी । उक्त कार्य को पूर्ण करने के उपरांत संवेदक के अपील पर सुनवाई का निर्णय लिया गया ।

कार्यपालक अभियंता, वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर के पत्रांक–2441(अनु०) दिनांक–02.12.2023 के द्वारा उक्त कार्य को पूर्ण किये जाने की सूचना दी गयी है ।

अतएव संवेदक के अपील अभ्यावेदन एवं कार्यपालक अभियंता, हाजीपुर के प्रतिवेदन पर सम्यक् विचारोपरांत संवेदक, श्री रंधीर कुमार के निबंधन को आदेश निर्गत की तिथि से निलंबन मुक्त किया जाता है ।

ह0 / –
**(कुमार रवि)**
सरकार के सचिव

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–35 / 2022 पटना,दिनांक–

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः–संवेदक, श्री रंधीर कुमार, पिता–श्री महेश पटेल, ग्राम+पो०–गुड़मिया, थाना–करताहन, जिला–वैशाली, पिन–844117 के निबंधन सं०–1210061(Class-1) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के सचिव

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–35 / 2022.......................... पटना,दिनांक–

प्रतिलिपिः–सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग / पथ निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / ऊर्जा विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना / मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना / सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित

ह0 / –

सरकार के सचिव

ज्ञापांक– भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–35 / 2022 218 (अ) .............................. पटना,दिनांक– 08/1/24

प्रतिलिपिः–आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव

Sec-13 Prakash(Dhananjau Sir)